### नेतापुत्र ने कमरे में बनाया था अंतरंग वीडियो

# दोस्तो ने दोस्त का वीडियो चुराकर किया ब्लैकमेल



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,06 फरवरी. मोहखेड़ थाना क्षेत्र में फिर एक अश्लील वीडियो दिखाकर ब्लैक मेल करने का मामला सामने आया है। जहां पुलिस ने पांच युवकों को हिरासत में लिया है। कार्रवाई के चलते पांचों युवाओं के होश उड़ गए। इसके बाद बात माफी तक पहुंचीं। नेतापुत्र के पिता की राजनीति में बड़ा औदा होने के कारण दोनो परिवार ने आपस में सुलह कर अपनी समझदारी दिखाई।**

जानकारी मुताबिक सभी पांच युवक मोहखेड़ थाना क्षेत्र के रहने वाले है.नेता पुत्र की पढ़ाई के दौरान महिला मित्र से दोस्ती हो गई। कुछ दिनों बाद मित्रता में नजदीकियां बढ गई। मौके पाकर प्यार के जाल में फंसाकर नेतापुत्र ने अपने कमरे में अपनी दोस्त के साथ कमरे के अंदर के वीडियो बना लिए। सूत्रों की मानें तो युवक के साथ रहने वाले उसके पांचों दोस्तों ने नेतापुत्र के मोबाइल से किसी तरह वह वीडियो हासिल कर लिया। जिसमें दोनों कमरे के अंदर प्यार करते हुए नजर आ रहे हैं। नेतापुत्र के दोस्तों ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पैसों की मांग की।

#### धीरे धीरे मांगी बड़ी रकम

सूत्रों के अनुसार, मोहखेड़ अंचल में ही रहने वाले पांचों युवाओं ने पहले नेतापुत्र से दस हजार रूपए की मांग की, उन्होंने दे दिए। पहली सफलता के चलते युवाओं लालच बढ़ गया। इसके बाद इन्होंने और पैसों की मांग कर दी। इसके बाद पांचों ने बड़ी मांग कर डाली। जिससे नेतापुत्र के होश उड़ गए।

#### चेहरे पर दिखी परेशानी ने खोले राज

सूत्रों के अनुसार नेतापुत्र ने पैसों का इंतजाम करने के अपने गांव चला गया। घर जाने के बाद पैसों की मांग के कारण वह परेशान रहने लगा। परेशान दिखने के कारण उसके पिता ने कारण पूछता। आखिरकार नेतापुत्र ने अपने पिता को आपबीती बता दी। जिसकी शिकायत स्थानीय थाने में की गई। पुलिस ने पांचों युवाओं को उठाया और मामले की खोजबीन की।

### सड़क हादसे में सीआरपीएफ जवान की मौत

**छिंदवाड़ा।** मोहखेड़ थाना क्षेत्र के लाश गांव के मुख्य मार्ग पर सड़क हादसे में एक सीआरपीएफ जवान की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। बताया जा रहा है कि वह महाराष्ट्र से वापस लौट रहा था। इस दौरान यह हादसा हुआ। जानकारी अनुसार विनोद पिता भीमराव पुसनाके उम्र 42 साल बोथ पाठरवाड़ा महाराष्ट्र का रहने वाला है। वह सीआरपीएफ में जवान के पद पर नीमच में पदस्थ था। वह गुरूवार की शाम अपने गांव से वापस लौट रहा था। इस दौरान लाश के समीप सामने से आ रहे ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद मौके पर लोगों का जमावड़ा लग गया। सूचना पर पहुंची 108 से उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# भूकंप के समय आपदा प्रबंधन की दी जानकारी

## भोपाल से आए अधिकारी और स्थानीय एनडीआरएफ के जवान हुए शमिल



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,06 फरवरी. आपदा प्रबंधन संस्थान के जिला प्रशासन और नोडल अधिकारी पीडब्ल्युडी अधिकारी के तत्वावधान में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। इसमें पहले दिन आपदा प्रबंधन के तहत आने वाले उपकरणों और भूकंप के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।**

जिसमें भोपाल आपदा प्रबंधन के तुषार गोलाइत ने जानकारी देते हुए बताया कि भूकंप रोधी निर्माण कैसे किया जाता है। इसमें विभाग के सभी इंजीनियर मौजूद थे। साथ ही एसडीआरएफ के जवान भी मौजूद थे। उन्होंने भी अपना प्रदर्शन के दौरान बताया कि आग, बाढ़, सीपीआर, घायल व्यक्तियों को ले जाने की विधी बताई गई। वही सभी तरह के उपकरणों की जानकारी भी प्रदान बताई गई। उन्होंने बताया कि नई तकनीक के तहत एआई कैसे वर्क कर रहा है। उसके बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई है। भूकंप के बारे में माइनर, मोड्रिट और स्ट्रांग के बारे में भी बताया गया। इसके बाद सभी इंजीनियरों को जिला पंचायत के सभा कक्ष में प्रोजेक्टर के माध्यम से बारीकी से समझाया गया।

# चौपट हुई यातायात व्यवस्था के खिलाफ नगर युवक कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

## समस्याओं के साथ ही सुझाव भी बताएं, जिम्मेदार अमल में लाए तो हो सकता है सुधार

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,06 फरवरी. जिला मुख्यालय की यातायात व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो चुकी है। पुलिस सरकार के राजस्व की पूर्ति के लिए खानापूर्ति की कार्रवाई में जुटी है। शहर के प्रमुख स्थल व भवनों के सामने सड़कों पर खड़े वाहनों को केवल अवैध वसूली के लिए उठाया जा रहा, किन्तु जमीनी व स्थाई समाधान जिम्मेदारों ने नहीं निकाला।**

पार्किंग स्थल, ऑटो स्टैंड के साथ ही बस स्टॉप का निर्धारण नहीं हुआ। बड़े भवनों के पास पार्किंग नहीं है, उन्होंने सड़कों को पार्किंग में तब्दील कर दिया। परिणाम स्वरूप शहर की प्रत्येक सड़क पर जाम आम बात हो चुकी है ।नगर युवक कांग्रेस ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जमकर नारेबाजी करते हुए जिला मुख्यालय पर यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने की मांग का ज्ञापन सौंपा। प्रस्तुत ज्ञापन की प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक व यातायात प्रभारी को भी प्रेषित की है। जिसमें उल्लेख किया है कि छिंदवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान समय में यातायात व्यवस्था अत्यंत अव्यवस्थित एवं जनसामान्य के लिए गंभीर परेशानी का कारण बनी हुई है। शहर के प्रमुख मार्गों, चौराहों, बाजार क्षेत्रों, शैक्षणिक, चिकित्सा संस्थानों के आसपास प्रतिदिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही। आम नागरिकों, व्यापारियों, विद्यार्थियों, मरीजों एवं महिलाओं को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ।यह अत्यंत चिंताजनक एवं दुर्भाग्यपूर्ण है कि यातायात व्यवस्था को सुधारने एवं व्यवस्थित करने के स्थान पर पुलिस प्रशासन द्वारा केवल चालान एवं दंडात्मक कार्रवाई पर ही जोर दिया जा रहा है, जिसमें कई बार अवैध, मनमानी एवं भेदभावपूर्ण कार्यवाही भी सामने आ रही है। आम जनता को बिना पूर्व सूचना, बिना वैकल्पिक व्यवस्था और बिना जागरूकता के दंडित किया जाना जनहित के विपरीत है।

### गर्भवती महिला की संदिग्ध मौत

**छिंदवाड़ा।** हर्रई थाना क्षेत्र के ठोलनगर गांव की रहने वाली गर्भवती महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। बताया जा रहा है कि गर्भ में पल रहे शिशु की भी मौत हो गई है। जानकारी अनुसार लक्ष्मी पति धर्मेन्द्र परतेती उम्र 22 साल ठोलनगर की रहने वाली है। उसे प्रसव के पूर्व तकलीफ हो रही थी। परिजनों ने उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां प्राथमिक जांच के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में जांच के बाद गर्भवती महिला को मृत घोषित कर दिया। उसके गर्भ में पल रहे शिशु की भी मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

# सर्पदंश से एक युवक की मौत



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,06 फरवरी. जुन्नारदेव के डुगरियां गांव के रहने वाले एक युवक की सर्पदंश से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। बताया जा रहा है कि पकड़ते वक्त सांप ने युवक को काट लिया था।**

इस हादसे में उसी मौत हो गई थी। जानकारी अनुसार राकेश पिता सुरेश वर्मन उम्र 37 साल डुगरिया का रहने वाला है। अल सुबह उसके घर में सांप घुस गया था। इस दौरान वह कमरे में सांप का पकड़ रहा था। तभी अचानक सांप ने उसे काट लिया। जिसके बाद उसकी हालात गंभीर हो गई। परिजन तत्काल स्थानीय अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने से पहले उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

#### सांप पकड़कर लाए परिजन

इधर सर्पदंश की घटना के बाद परिजन सांप का डिब्बे में बंद कर अस्पताल लेकर पहुंचे थ। डाक्टरों ने देखने के बाद उसे छोड़ने के लिए कह दिया था। इसके बाद परिजनों ने सांप को खुले मैदान में छोड़ दिया। परिजनों का कहना है कि शायद सांप को देखकर पीड़ित के इलाज में मदद मिल सकती थी। इसलिए लेकर आए थे।

### ट्रक की टक्कर से युवक की मौत

**छिंदवाड़ा।** शिवपुरी थाना क्षेत्र के बम्हनी गांव के रहने वाले एक युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पलाश पिता मोहन सूर्यवंशी उम्र 22 साल बम्हनी गांव का रहने वाला है। वह आफिस के काम से फील्ड में जा रहा था। इस दौरान मोदई के समीप रिंग रोड में टक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर लोगों का जमावड़ा लग गया। सूचना पर पहुंची 108 से उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहा डाक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### महाशिवरात्रि पर होगा विशाल फलाहारी भंडारे का आयोजन

**छिन्दवाड़ा.** कांग्रेस के द्वारा देवों के देव महादेव व माता पार्वती के विवाह का दिन महाशिवरात्रि बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। 15 फरवरी दिन रविवार को फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के द्वारा विशाल फलाहारी भंडारे का आयोजन किया जाएगा ।धर्मानुरागी मानीय कमलनाथ जी एवं माननीय नकुलनाथ जी की प्रेरणा से प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के द्वारा महाशिवरात्रि पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# कमलनाथ व नकुलनाथ का आज होगा छिन्दवाड़ा आगमन

## विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,06 फरवरी. मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद माननीय नकुलनाथ का दो दिवसीय दौरे पर छिन्दवाड़ा आगमन होगा। आगमन उपरांत नेताद्वय विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे।**

पूर्व मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार कमलनाथ एवं नकुलनाथ का आज दोपहर 12.30 बजे विशेष वायुयान से ईमलीखेड़ा हवाई पट्टी पर आगमन होगा। आगमन उपरांत नेताद्वय छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्ना जिला कांग्रेस कमेटी के आगंतुकों व आमजन से भेंट करेंगे। अपराह्न जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे. 08 फरवरी दिन रविवार को पूर्व निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार कमलनाथ एवं नकुलनाथ का दोपहर 12 बजे सौंसर आगमन होगा। आगमन उपरांत नेताद्वय सौंसर विधायक विजय चौरे की सुपुत्री के आशीर्वाद समारोह में सम्मिलित होंगे। तत्पश्चात कमलनाथ एवं नकुलनाथ का दोपहर 1.30 बजे ईमलीखेड़ा हवाई पट्टी पर आगमन होगा यहां से नेताद्वय विशेष वायुयान से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

# तेज आवाज में बज रहे डीजे वाहन को पुलिस ने किया जब्त

## मौके पर पहुंचे एसडीएम, पुलिस ने की चालानी कार्रवाई,नागपुर रोड का मामला



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,06 फरवरी बोर्ड परीक्षा की परीक्षा सिर पर आ गई है। जिसको लेकर छात्र-छात्राएं जोरों पर परीक्षा की तैयारियों में लगे हुए है। ऐसे में वैवाहिक कार्यक्रमों में बज रहे डीजे पढ़ाई में खलल डाल रहे है।**

इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इसी तरह का एक मामला बीती रात सामने आया। जहां नागपुर रोड स्थित पेंटालून के सामने जोरों पर डीजे बज रहा था। ऐसे में यह डीजे आसपास के क्षेत्र में परीक्षा की तैयारी में लगे बच्चों की पढ़ाई में परेशानी हो रही थी।

सूचना मिलते ही मौके पर एसडीएम सुधीर जैन मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल कोतवाली टीआई आशीष धुर्वे को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर डीजे वाहन को जब्त कर थाना परिसर में खड़ा करवा लिया। डीजे संचालक पर तेज ध्वनि के तहत मामला दर्ज कर चालानी कार्रवाई की है। इस मामले में टीआई आशीष धुर्वे ने बताया कि बच्चों की बोर्ड परीक्षा का समय नजदीक है। ऐसे घ्वनि विस्तारक यंत्रों की के कारण उनकी परीक्षा प्रभावित होगी। उन्होंने डीजे संचालकों से अपील की है कि आवाज कम रखे। साथ ही दो से तीन बॉक्स का उपयोग करें। जिससे लोगों को परेशानी न हो।

#### तेज आवाज से वृद्धों को परेशानी

ध्वनि विस्तारक यंत्रों में जहां युवक और बड़े डांस करने का आनंद लेते है। वही यह तेज आवाज बुजुर्गों पर गहरा असर डालती है। ऐसे में अटैक आने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। इधर शहर के लॉन में भी देर रात तक डीजे बजते रहते है इससे आसपास के परिवार आराम नहीं कर पाते है.वहीं बच्चों के परीक्षा के दौरान पढ़ाई प्रभावित हो रहीं है.


नाड़ी परिक्षण ईलाज

(1) लकवा, बिपी, शुगर, दारू छोड़ना, पाथरी, मानसिक रोग, स्त्री रोग, सर दर्द, चक्कर , दुबलापन रोग, हड्डी जोड़, दमश्वास, टिबी कैन्सर आदि व अन्य इलाज किया जाता है.
पंजीयन क्रमांक-24825/25
वैध श्री, धर्मेन्द्र बनारसे
मु. घडेला तह.सौंसर
जिला पाढुरना (म.प्र.)
मोबा. 8305876287

मन स्पर्श माइंड केअर क्लिनिक
डॉ. तुषार ताल्हन
M.B.B.S, M.D.
(NEURO-PSYCHIATRY)
एक्स रेसीडेंड लोकमान्य तिलक सायन हॉस्पिटल, मुंबई
मस्तिष्क, मनोरोग, सेक्स रोग, मिर्गी एवं नशामुक्ति विशेषज्ञ
संपर्क करें 8109790451
मिलने का समय: दोप. 2.30 से 5 बजे तक एवं शाम 6 से रात्रि 8 बजे तक (रविवार अवकाश)
उपलब्ध सुविधाएं
- नशामुक्ति (शराब, तंबाकू, अफीम, गांजा, भांग, चरस इत्यादि)
- सरदर्द माइग्रेन
- नींद की बीमारिया
- ईईजी जांच सुविधा
- बुद्धि की जांच
- डिप्रेशन, ओ.सी.डी.
- दौरे/मिर्गी की बीमारी
- सिजेफ्रेनिया
- बेवजह गुस्सा एवं व्यवहार की समस्याएं
- पारिवारिक/वैवाहिक कलह-परामर्श
- बच्चों की व्यवहारिक समस्याएं
- बायोफीडबैक रिलैक्सशन थैरेपी (बिना दवाईयों के स्ट्रेस हटाने की थैरेपी)
पता- सेंट्रल एवेन्यू कॉम्पलेक्स, पतंजली शोरूमे बाजू में एचपी पेट्रोल पंप के सामने, परासिया रोड छिंदवाड़ा

NATIONAL SC-ST HUB Safalta ki pehchaan | भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय MINISTRY OF MICRO, SMALL AND MEDIUM ENTERPRISES | Celebrating 70 YEARS एन एस आई सी NSIC
अनुसूचित जाति/जनजाति उद्यमियों को अवसर प्रदान करने हेतु
नेशनल एससी-एसटी हब योजना
अक्टूबर 2016 से
एससी-एसटी इकाईयों से सरकारी खरीद 38 गुना बढ़ी
1.5 लाख से अधिक एससी-एसटी उद्यमी लाभान्वित
मुख्य लाभ
- ₹25 लाख तक की सब्सिडी
- नि:शुल्क क्षमता निर्माण प्रशिक्षण
- विक्रेता विकास एवं बाजार संपर्क सहायता
- प्रतिस्पर्धात्मकता संवर्धन सहयोग
CBC 25106/15/0001/2526



"एम एस एम ई हमारे देश की आर्थिक वृद्धि में परिवर्तनकारी भूमिका निभाते हैं। हम इस क्षेत्र के संरक्षण और सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं।"
— प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी
अधिक जानकारी के लिए देखें: www.scsthub.in
राष्ट्रीय एससी-एसटी हब फॉलो करने के लिए QR code स्कैन करें



स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी, प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन, नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित ।संपादक क्रांति चतुर्वेदी। * फोन- 235677,235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/2000/2589